केन्द्रीय विद्यालय पिकेट

सामयिक परीक्षा (जुलाई-2022)

कक्षा - पाँचवीं ____ विषय - हिन्दी अंक - 40

नाम - ______________________________ रोल न. - ____ समय - 90 मिनट

पठन (5)	पद्य-गद्य (5)	व्याकरण (10)	सृजनात्मक लेखन (5)	वर्तनी (5)	शब्दकोश (5)	सुलेख (5)	कुल (40)

<u>पठन</u>(5)

गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर/विकल्प चुनो । (प्रश्न 1-5 तक)

समय कभी किसी के लिए नहीं ठहरता। इस संसार में सबसे मूल्यवान है- समय । धन को तो परिश्रम करके पुनः कमाया जा सकता है, किन्तु बीता समय कभी लौटकर नहीं आता। इतिहास साक्षी है, जिसने भी समय का सदुपयोग किया, उसे जीवन में सफलता प्राप्त हुई। विद्यार्थी काल में तो समय का और भी अधिक महत्व है। उसके लिए समय स्वर्ण(सोना) से भी अधिक महत्वपूर्ण होता है। मनोरंजन के नाम पर समय को नष्ट करना स्वयं को धोखा देना है। धन के द्वारा समय नहीं कमाया जा सकता है ।

प्रश्न 1. गद्यांश के अनुसार नीचे दिए गए वाक्यों में से सही वाक्य छाँटिए - 1

अ) विद्यार्थियों के लिए समय चांदी से भी अधिक महत्वपूर्ण है ।

ब) समय को परिश्रम करके पुनः कमाया जा सकता है ।

स) धन के द्वारा समय नहीं कमाया जा सकता है ।

द) मनोरंजन के नाम पर समय को नष्ट करना अच्छी बात हैं ।

प्रश्न 2. उपयुक्त गद्यांश किसके महत्व को दर्शाता है ? 1

अ) जल के महत्व ब) कपड़े के महत्व **स)** समय के महत्व द) भोजन के महत्व

प्रश्न 3. इतिहास हमें समय के बारे में बताता कि 1

अ) मनोरंजन सबसे ज़्यादा महत्वपूर्ण हैं । **ब)** समय का सदुपयोग करना चाहिए ।

स) विद्यार्थी को समय नष्ट करना चाहिए । **द)** धन बहुत महत्व रखता हैं ।

प्रश्न 4. जिसने समय का सदुपयोग किया, उसे जीवन में क्या प्राप्त हुआ ? 1

अ) पैसा **ब)** मनोरंजन **स)** धोखा **द)** सफलता

प्रश्न 5. उपयुक्त गद्यांश में किस शब्द का प्रयोग सबसे अधिक बार हुआ है ? 1

अ) समय **ब)** मनोरंजन **स)** इतिहास द) संसार

पद्य-गद्य(5)

पूछे गए प्रश्न के उत्तर लिखें।

प्रश्न 1. लोनपो गार ने अपने बेटे को सौ भेड़े देते हुए क्या आदेश दिया ? 2

प्रश्न 2. बालक कौन-कौन से खिलौने खरीदना चाहता हैं और क्यों ? 2

प्रश्न 3. झारखंड के त्योहार 'सरहुल' के दिन किस पेड़ की पूजा की जाती है ? 1

<u>व्याकरण</u>(10)

प्रश्न 1. रेखांकित शब्द का लिंग बदलो - वह एक बहुत ही अच्छा **<u>पुरुष</u>** हैं ।

क) स्त्री **ख)** पुरुषी **ग)** स्त्रीया **घ)** पुरुषा

प्रश्न 2. कोष्ठक में दिए गए शब्द का वचन बदलकर लिखें ।

भारत के सभी राज्यों में अलग-अलग तरह की _________ उगाई जाती हैं। (फ़सल)

क) फसाल **ख)** फ़सलें **ग)** फ़सली **घ)** फैसले

प्रश्न 3. एक जानवर को पीड़ा में देखा तो मेरी **<u>आँखें भर आई</u>** । **वाक्य में रेखांकित मुहावरे का अर्थ है -**

क) सोना **ख)** पढ़ना **ग)** चिल्लाना **घ)** आँसू आना

प्रश्न 4. रेखांकित शब्द का विलोम शब्द बताओ -

हर साल 16 दिसम्बर **<u>विजय</u>** दिवस के रूप में मनाया जाता है ।

क) हार **ख)** जीत **ग)** पराजय **घ)** गरीब

प्रश्न 5. दिए वाक्य को भविष्य काल में बदलें। लोनपो गार का बेटा लौट आया था।

क) लोनपो गार का बेटा लौटा । **ख)** लोनपो गार का बेटा लौट आया ।

ग) लोनपो गार का बेटा लौट आएगा । **घ)** लोनपो गार का बेटा लौट रहा है ।

प्रश्न 6. नीचे दिए गए रिक्त स्थान में उचित सर्वनाम भरो। तुम अपना काम ____ करो।

क) तुम **ख)** वह **ग)** स्वयं **घ)** आप

प्रश्न 7 रेखांकित किए गए शब्दों में प्रयुक्त चिन्ह का नाम बताए। <u>छी!छी!</u> कितनी गंदगी।

क) प्रश्नवाचक चिन्ह **ख)** विस्मयादिबोधक चिन्ह **ग)** अल्प विराम **घ)** अर्ध विराम

प्रश्न 8 शब्दों के क्रम को ठीक कर सार्थक वाक्य बनाए-

क) लोनपो गार बेटा शहर का पहुँच गया । **ख)** लोनपो गार का बेटा शहर पहुँच गया ।

ग) बेटा शहर लोनपो गार पहुँच का गया । **घ)** पहुँच गया शहर लोनपो गार बेटा का ।

प्रश्न 9 रेखांकित शब्द का पर्यायवाची शब्द बताओ- लोनपो गार का <u>बेटा</u> बहुत भोला था ।

क) माता **ख)** पत्नी **ग)** पुत्र **घ)** पिता

प्रश्न 10. निम्नलिखित शब्द का संज्ञा-भेद पहचानें - राज्य - ________________

क) भाववाचक संज्ञा **ख)** जातिवाचक संज्ञा **ग)** व्यक्तिवाचक संज्ञा **घ)** इनमें से कोई नहीं

<u>सृजनात्मक लेखन</u>(5)

प्रश्न 1. नदी हमारे लिए बहुत ही जरूरी हैं यह जानते हुए भी हम हमारी नदियों प्रदूषित कर रहे हैं। चित्रों की सहायता से बताइए की नदी किन-किन कारणों से प्रदूषित होती हैं।

____

1____

____

2____

____

3____

____

4____

____

5____

____

<u>अथवा (दोनों प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर दें)</u>

प्रश्न 1. चित्र में दो लड़कियाँ दिखाई गई हैं । अपने शब्दों में उनके बीच होने वाली बातचीत को समझ कर लिखो ।

____

____

____

____

____

____

____

____

____

<u>वर्तनी</u>(5)

प्रश्न 1. दिए गए वाक्यांश के लिए आए शब्द लिखकर रिक्त स्थान को भरिए ।

लोनपो गार तिब्बत के __________ राजा सौनगवसैन के मंत्री थे । **1**

क) बत्तीसवें **ख)** बतीसवें **ग)** वत्तीसवें **घ)** बत्तीशवें

प्रश्न 2. पूजा किया हुआ ________________ धान अगली फ़सल में बोया जाता है । **1**

क) आशीर्वादि **ख)** आशीर्वदी **ग)** आशीर्वादी **घ)** आशिर्वादी

प्रश्न 3. वह देखो माँ आज __________ फिर से आया है । **1**

क) खिलौनेवला **ख)** खिलौनेवाला **ग)** खिलौनवाला **घ)** खीलौनेवाला

प्रश्न 4. ______________ उसे छूकर भी नहीं गई थी । **1**

क) हौशियारी **ख)** होशीयारी **ग)** होशियरी **घ)** होशियारी

प्रश्न 5 दिए गए अक्षरों को सही क्रम में लगाकर अर्थपूर्ण शब्द बनाओ। **1**

सा र ब त - _______________

क) सारबत **ख)** बरसात **ग)** तरबास **घ)** रसबात

<u>शब्दकोश</u>(5)

1. नीचे दिए गए वाक्यों में उचित शब्द छाँटकर लिखिए -

I) मैंने गणित के सभी सवालों के _________ निकाल लिए । मुझे कोई ऐसा _______

बताओ जिससे मुझे इतिहास के प्रश्न आसानी से याद हो सके । **2**

क) हल, तरीका **ख)** सवाल, हल **ग)** प्रश्न, योजना **घ)** सवाल, हल

II) नीरजा चटाई बुनने में बहुत _________ हैं, इसलिए नीरजा ने _______ से उसकी बुनी चटाई हथिया ली । **2**

क) अच्छी, प्यार **ख)** बुरी, धोखे **ग)** अच्छी, धोखे घ) बुरी, अच्छी

2. वाक्यांश के लिए एक शब्द लिखिए -

जहाँ बच्चों को पढ़ाया जाता हैं - ______________________ **1**

क) अध्यापक **ख)** होटल **ग)** विद्यालय **घ)** रेलगाड़ी

<u>सुलेख</u>(5)

नीचे दिए गए गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर सुंदर-सुंदर अक्षरों में लिखिए ।

विद्यार्थी का जीवन समाज व देश की अमूल्य निधि होता है । विद्यार्थी समाज की रीढ़ है, क्योंकि समाज तथा देश की प्रगति इन्हीं पर निर्भर करती है । अतः विद्यार्थी जीवन पूर्णतया अनुशासित होना चाहिए । वे जितने अनुशासित बनेंगे उतना ही अच्छा समाज व देश बनेगा ।